RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 20 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 208 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## एमएमआरडीए ने पानी छोड़ा, मनपा पर पानी रोकने का आरोप

### सूर्या प्रोजेक्ट के तहत छोड़ा गया 185 मिलियन लीटर पानी

**मुंबई : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश के बाद मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने दिवाली के पावन अवसर (11 नवंबर 2023) से सूर्या प्रोजेक्ट के पहले चरण के तहत वसई-विरार को प्रतिदिन 185 मिलियन लीटर पानी छोड़ना शुरू कर दिया है। जिससे वसई-विरार की पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। लेकिन अब भी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है।**



**मुख्यमंत्री ने दिया था पानी छोड़ने का आदेश...**

मिली जानकारी के अनुसार एमएमआरडीए की तरफ से पानी छोड़ा जा रहा है पर वसई-विरार महानगरपालिका इसे लोगों तक पहुंचाने में असफल साबित हो रही है। सूत्रों ने बताया कि वसई-विरार महानगरपालिका के पास लोगों के घर तक पानी पहुंचाने का सिस्टम अब तक तैयार नहीं है। साथ ही इस पानी के पहुंचने से कई लोगों का बिजनेस पर भी असर पडेगा। इस वजह से देरी हो रही है। बता दें कि वसई-विरार और मीरा-भायंदर क्षेत्रों में पानी की गंभीर समस्या है और इसी समस्या को हल करने के लिए सूर्या प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई थी।

**2017 में शुरू हुआ था प्रोजेक्ट**

सूर्या वाटर प्रोजेक्ट की लागत 1325.78 करोड़ रुपये की है। यह प्रोजेक्ट 2017 में शुरू किया गया था। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर वसई-विरार को प्रति दिन 185 मिलियन लीटर और मीरा-भायंदर को प्रति दिन 218 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाएगी। इस हिसाब से कुल 403 एमएलडी पानी छोड़ा जाएगा। इस प्रोजेक्ट का पहला चरण जून 2023 में पूरा हो चुका था। लेकिन उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री का समय नहीं मिलने के कारण प्रोजेक्ट अटका रहा। इसी को लेकर सितंबर में यूबीटी शिवसेना की तरफ से आंदोलन भी किया गया था। उनका कहना था कि मौजूदा सरकार सूर्या प्रोजेक्ट को चुनाव का मुद्दा बना रही है। इस आंदोलन के बाद एमएमआरडीए ने आश्वासन दिया था कि नवरात्रि के पहले पानी दिया जाएगा। फिलहाल टनल की साफ-सफाई का काम जारी है। इसके बाद फिर मनसे द्वारा भी आवाज उठाई गई थी।

## आदित्य ठाकरे की वजह से रुका मेट्रो कार शेड का काम, 10 हजार करोड़ का नुकसान... शिंदे गुट का आरोप...



**मुंबई:** शिवसेना शिंदे गुट की नेता और विधान परिषद सदस्य डॉ. मनीषा कायंदे ने आरोप लगाया है कि आदित्य ठाकरे की वजह से मेट्रो कार शेड का काम रुका और इसी कारण 10 हजार करोड़ रुपये का नुकसान भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब आदित्य ठाकरे पर्यावरण मंत्री थे तो उन्होंने मेट्रो कारशेड का काम रोक दिया था। कायंदे ने कहा कि मस्जिद बंदर में कर्णाक ब्रिज, सैंडहर्स्ट रोड पर हैंकॉक, लोअर परेल में डिलायल, चर्नी रोड पर फरेरे ब्रिज, गोखले ब्रिज, जेवीपीडी जंक्शन पर जुहू-वर्सोवा रोड को सीडी बर्फीवाला रोड से जोड़ने वाला पुल, मलाड लिंक रोड पर मीठ चौकी जंक्शन, सेनापति बापट मार्ग, जो खतरे के कारण ध्वस्त कर दिए गए थे। मच्छीमार कॉलोनी को वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे से जोड़ने वाले तीसरे फ्लाईओवर, तथा रे रोड ब्रिज, घाटकोपर ब्रिज, माटुंगा ब्रिज, चिंचपोकली ब्रिज और महालक्ष्मी ब्रिज जैसे कई पुलों पर काम अभी भी प्रलंबित है।

**मनपा के कार्यों में हस्तक्षेप का आरोप**


बीएमसी में सत्ता में होने के कारण पर्यावरण मंत्री रहते हुए आदित्य ठाकरे मनपा के कार्यों में सीधे हस्तक्षेप कर रहे थे। इसीलिए इन पुलों का निर्माण आज तक रुका हुआ है। इसके लिए पूरी तरह से आदित्य ठाकरे जिम्मेदार हैं।

## भाजपा की राजनीति के कारण पूरा क्रिकेट मुंबई से अहमदाबाद ले जाया गया : राउत का आरोप



**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि क्रिकेट को मुंबई से गुजरात के अहमदाबाद में स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक 'राजनीतिक कार्यक्रम' आयोजित करना चाहती थी। पूर्व में मुंबई को क्रिकेट में देश का पारंपरिक केंद्र कहा जाता था। अहमदाबाद का नरेन्द्र मोदी स्टेडियम रविवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व कप के फाइनल की मेजबानी कर रहा है। यह 1.32 लाख की क्षमता वाला दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है।

## प्रेमिका के साथ रहने के लिए यूक्रेन गया पति, तो पत्नी ने दी जान, फिर...



**मुंबई :** मुंबई के पास कल्याण इलाके से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां 25 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर अपने पति की बेवफाई से दुखी होकर जान दे दी। पुलिस ने पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 26 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि पति अपनी प्रेमिका के साथ रहने के लिए यूक्रेन गया था, जिससे आहत होकर पत्नी ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस के अनुसार, जब महिला को पता चला कि उसका पति उस महिला से मिलने यूक्रेन गया है जिसके साथ उसका विवाहेतर संबंध है, तो उसने फांसी लगा ली। आरोपी नीतीश नायर काम के सिलसिले में विदेश जाता था, जहां उसकी मुलाकात महिला से हुई थी। मृतक महिला के पिता सुरेंद्र सावंत ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक, उनकी बेटी काजल को सितंबर में नायर के अवैध संबंधों के बारे में पता चला था। उसने दोनों की साथ में तस्वीरें देखी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जब उनकी बेटी को नायर के अफेयर के बारे में पता चला तो उसने कड़ी आपत्ति जताई और दोबारा यूक्रेन न जाने की चेतावनी दी।

## नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई, बेहोश होने पर दोस्त के साथ मिलकर गैंगरेप किया

### मुंबई में कॉलेज की छात्रा से दरिंदगी...



**मुंबई:** 19 साल की एक कॉलेज छात्रा के साथ रेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रेप की वारदात 15-16 नवंबर की रात 10 बजे से 12.30 बजे के बीच हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता पालघर जिले में अपनी मां और बहन के साथ रहती है। उसके पिता सरकारी कर्मचारी हैं। उन्हें कुछ महीने पहले ही मुंबई में सरकारी फ्लैट अलॉट हुआ है। पीड़िता कई बार अपने पिता से मिलने के बहाने मुंबई आती थी। एक आरोपी के पिता भी उसी सरकारी विभाग में काम करते हैं और उसी सरकारी बिल्डिंग में रहते हैं। इसलिए एक आरोपी और पीड़िता एक दूसरे को पहले से जानते थे।

**दोनों ने बारी-बारी किया रेप**

वारदात वाले दिन एक आरोपी का परिवार बाहर गया हुआ था। इसलिए उसने उस दिन अपने घर अपने एक दोस्त को बुलाया। उसी दौरान पीड़िता खाना पकाने का कुछ सामान लेने के लिए एक आरोपी के घर गई। आरोपियों में से एक ने उसे उसी दौरान कथित तौर पर स्प्राइट की बोतल दी, जिसमें नशीला पदार्थ मिला हुआ था। कुछ घूंट पीने के बाद, पीड़िता बेहोश हो गई। दोनों आरोपियों ने उसके बाद बारी-बारी से बलात्कार किया।

**पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**पीड़िता को रात 12:30 बजे के आसपास होश आया, तो उसे एहसास हुआ कि उसके साथ बलात्कार किया गया है। वह इसके बाद अपने फ्लैट में भागी। फिर उसने अपनी बिल्डिंग में रहने वाले अपने कुछ करीबी दोस्तों को इस घटना की जानकारी दी। इसी के बाद पुलिस में आईपीसी के सेक्शन 376, 376 (डी), 328 और 34 के तहत केस दर्ज किया और आरोपियों को गिरफ्तार किया।**




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### समस्याओं का हल नहीं

सन 1996 के आरंभ में वित्त मंत्रालय में मेरी मुलाकात तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह से हुई। जब उनसे कहा गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी आर्थिक सुधारों की बात नहीं करेगी तो डॉ. सिंह ने कहा था, ह्यउसके सिवा बात करने को है क्या?ह्ल उसके बाद से हुए हर चुनाव में इस प्रश्न का उत्तर देखने को मिला है। कर्ज को बट्टे खाते में डालना, अनाज के लिए बाजार मूल्य की तुलना में अधिक कीमत, अधिकांश लोगों के लिए नि:शुल्क खाद्यान्न, नई-नई जातियों के लिए नौकरी में आरक्षण, पेंशन कार्यक्रम, मुफ्त उपहारों और सब्सिडी की बढ़ती सूची और लगातार बढ़ता नकद अंतरण। विकास कार्यों मसलन भौतिक बुनियादी ढांचा तैयार करने, शौचालय, बिजली, इंटरनेट संचार उपलब्ध कराने के लिए भी श्रेय लिया जाता है। अर्थशास्त्री जिसे सुधार कहते हैं जो बाजारोन्मुखी होता है तथा जिसमें राजकोषीय अनुशासन होता है वह कभी जगह नहीं पा सका। शायद यह अपेक्षित ही है। मतदाताओं ने यह सीख लिया है कि उन्हें आज क्या मिल रहा है बजाय कि कल की प्रतीक्षा करने के और वे शायद उन दलों को चुनने लगे हैं जो सबसे उदार पेशकश करती हैं। सरकारों पर इतना अविश्वास है कि स्कूली शिक्षा में सुधार या सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार जैसे दीर्घकालिक विकास के मुद्दों से जुड़े वादों की प्राय: अनदेखी कर दी जाती है।

राजनीतिक दलों की ओर से भी कृषि, बेरोजगारी और कम आय जैसी वास्तविक समस्याओं को लेकर कोई ठोस और विश्वसनीय हल पेश नहीं किया जाता है।बिहार में जाति सर्वेक्षण के नतीजों पर विचार कीजिए और देखिए कि रोजगार में आरक्षण बढ़ाने के वादे का क्या परिणाम होता है? 13.1 करोड़ की आबादी वाले राज्य में केवल 20 लाख सरकारी नौकरियां हैं। इन नौकरियों में भी सामान्य वर्ग के लोगों की संख्या असंगत रूप से अधिक है और कुछ हद तक ये नौकरियां पिछड़ा वर्ग के लोगों के पास हैं। अगर इन विसंगतियों को दूर किया जा सकता और प्रमुख जातिगत श्रेणियों में सरकारी नौकरियों का समुचित बंटवारा किया जा सकता तो? सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति के लोगों की संख्या 2.9 लाख है, उन्हें 1.1 लाख नौकरियां और मिल जातीं। अति पिछड़ा वर्ग की 4.6 लाख सरकारी नौकरियों में 2.8 लाख नौकरियां और बढ़ जातीं। सामान्य श्रेणी और पिछड़ा वर्ग की नौकरियों में इसी अनुपात में कमी आती। अगर आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाया जाता है तो सामान्य श्रेणी की नौकरियों में और कमी आएगी। जातिवार बदलाव तथा उच्च आरक्षण करीब 10 लाख नौकरियों को प्रभावित करेगा। क्या कोई यह मानता है कि 13.1 करोड़ की आबादी वाले प्रांत में यह जाति या सामाजिक न्याय की समस्या का सार्थक हल है या रोजगार की समस्या इससे दूर होगी? किसानों के लिए उच्च खरीद मूल्य के वादे पर विचार कीजिए। खासतौर पर गेहूं और चावल के मूल्य पर जो बाजार कीमतों से काफी अधिक है। एक ओर यह किसानों को गेहूं और चावल की खेती के लिए प्रोत्साहन देगा और वे अपनी अधिशेष उपज को सरकार को बेचेंगे जो स्वाभाविक तौर पर इकलौती खरीदार होगी। यानी निजी कारोबार और फसल विविधता दोनों को नुकसान पहुंचेगा जबकि बढ़ते जल संकट को देखते हुए फसल में विविधता लाना आवश्यक है। दूसरी ओर, एक अक्षम सरकारी खरीद प्रणाली (जहां किसानों को चुकाई जाने वाली कीमत बमुश्किल कुल लागत का आधा होती है) जारी रखी जाएगी जिससे अनाज का भंडार एकत्रित होता जाएगा जो केवल नि:शुल्क बांटा जाएगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# एल/वार्ड के सहायक आयुक्त हिरलेकर पर लगा विधायक के इशारे पर काम करने का आरोप

## विधायक पर छटमैया का कृत्रिम तलाव चुराने का लगाया गंभीर आरोप पूर्व नगरसेवक ईश्वर तायडे ने

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** छट मैया के पर्व को मानने के लिए एल विभाग बीएमसी ने कृत्रिम तलाव की व्यवस्था चंदीवाली विभाग मे चार जगहों पर की गई है ।जिसमें से एक संघर्ष नगर मे भी बीएमसी ने तलाव बनाकर उत्तर भारतीय हिंदू महिलाओ को पवई, जुहू की बजाये इलाके मे कर दिया है ताकि लोगों को महंगाई मे किराया न खर्च करना पड़े। वहीं पूर्व नगरसेवक ईशवर तायडे ने प्रेस कांफ्रेंस के जरिये स्थानीय चंदीवाली विधायक दिलीप लांडे मामा की पोल खोलते हुए कहा की स्थानीय विधायक बीएमसी का जमाई राजा है । जिसके इशारे पर एल विभाग के सहायक आयुक्त हिरलेकर काम करते चले आ रहे है ।गौरतलब हो



की निर्जल वृत रखने वाली बिहार पूर्वांचल की श्रद्धालुओ महिलाओ के लिए कोरोना काल से ही कृत्रिम तलाव बनाने की योजना पर काम करते चले आने वाली बीएमसी गणेश विसर्जन से लेकर छट पूजा तक कृत्रिम तलाव बनाती है ।

जिसको लेकर पूर्व स्थानीय प्रभाग क्रमांक 157. के शिवसेना उद्धव गुट के इश्वर तायडे ने कहा की गणेश विसर्जन से लेकर अभी तक छट मैया का कृत्रिम तलाव का फॉर्म एनजीओ के माध्यम से भरने के बाद दो महीनों तक बीएमसी सहायक आयुक्त हरलेक'विधायक के इशारों पर नाचते हुए कृत्रिम तलाव हमारी संस्था को नहीं दिया । क्योंकि बीएमसी के जावाई राजा के तौर पर चर्चित शिंदे गुट विधायक दिलीप लांडे के इशारों पर बीएमसी एल विभाग के अधिकारी थिरकते है। वहीं पूर्व नगरसेवक इश्वर तायडे के आरोप पर स्थानीय विधायक दिलीप लांडे से संपर्क किया गया तो व्यवस्थ होने के कारण संपर्क नहीं हो पाया। वहीं दूसरी ओर ईश्वर तायडे ने आपने आरोप पर स्टैंड लेते हुए कहा की टैक्स पेयेर जनता की स्थानीय विधायक दिलीप लांडे व एल विभाग के सहायक आयुक्त हालेक'लूट मचाई है ।यही नही रुके ईश्वर तायडे ने दिलीप लांडे के उपर तकरीबन सालाना पचास लाख रुपए का बैनर पोस्टर पर खर्च करते है ।

# शिवसेना पक्षप्रमुख के हाथों 'वर्षपूर्ति स्मरणीका' का विमोचन...



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी** : भिवंडी शिवसेना (यूबीटी)शहर प्रमुख मनोज (प्रसाद)पाटिल द्वारा एक वर्ष में किए गए सामाजिक कार्यों का लेखा-जोखा के लिए तैयार किए गए ''वर्षपूर्ति समर्पणिका'' पुस्तक का विमोचन उनके जन्मदिन के अवसर पर 18 नवंबर को शिवसेना पक्षप्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हाथों उनके निवास्थान मातोश्री पर किया गया। भिवंडी शहरप्रमुख प्रसाद भाई पाटील ने बालासाहेब ठाकरे के 80 प्रतिशत सामाजिक सरोकार के मंत्र को चरितार्थ करते हुए एक वर्ष के 52 सप्ताहों में भिवंडी के नागरिकों की समस्याओं का समाधान हेतु किए गए 82 कार्यक्रमों को लोगों को उनके कार्यों से अवगत कराने के लिए ''वर्षपूर्ति समीक्षा'' के रूप में एक पुस्तक तैयार की है ।जिसका विमोचन पक्षप्रमुख के हाथो किया गया ।इस अवसर पर प्रसाद पाटिल के दमदार काम को देखते हुए पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने उनकी तारीफ की ।साथ ही बहुमूल्य सलाह देने के अलावा उन्हें आशीर्वाद भी दिया ।इस अवसर पर शहरप्रमुख प्रसाद पाटील के साथ शहर कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र कुंभारे, दिलीप नाईक, मनोज पाटील, विरेंद्र पाटील आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जुहू तट पर छट व्रती महिलाओ का उमड़ पड़ा जनसैलाब

## बिहारी फ्रंट संजय निरुपम की ओर से भव्य तरीके भक्ति भाव के साथ छट पूजा मनाया गया



**मुंबई (फिरोजी सिद्दीकी )** मुंबई के जुहू समुद्र तट पर आज छट पूजा का महापर्व मनाया गया । जिसमें बड़ी संख्या मे लाखों की तादाद मे पूर्वांचल, बिहार , झारखंड के श्रद्धालुओ का जनसैलाब उमड़ पड़ा । वहीं बिहारी फ्रंट की ओर से आयोजित छट पूजा मे लगातार तीन दिनों से निर्जल व्रत रखनी वाली महिला वृतियों यो का बड़े ही भक्ति भाव से अपने पति की लंबी आयु के लिए उपवास रखती है। वहीं मिडीया से बातचीत करते हुए पूर्व संसद संजय निरुपम ने लाखों की संख्या मे जुहू तट पर मौजूद छठ व्रती महिलाओ को शुभकामनाएं देते हुए कहा की दिनों दिनों छाट् की बढ़ता जाये । वहीं उत्तर भारतीय सभा के कार्य अधक्ष जय प्रकाश सिंह ने कहा की उत्तर भारतियों के नेता संजय निरुपम को आगामी लोकसभा चुनावों मे सांसद बने ऐसी कामना छट मैंया से किया है । वहीं बड़ी संख्या मे बिहारी फ्रंट के पदाधिकारी, कार्यकर्ता का जामवाडा देखने को मिला।




# भिवंडी मनपा आयुक्त समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ पुलिस उप-आयुक्त से शिकायत... मामला दर्ज करने की मांग !

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पालिका के आयुक्त अजय वैद्य, उप-आयुक्त दीपक झिंजाड़ व प्रभाग समिति नंबर 3 के सहायक आयुक्त सोमनाथ सोष्टे तथा प्रभाग 3 के बीट निरक्षक संदीप जाधव ने मौजे-खोनी के निवासी श्याम मारुति वासलवार द्वारा पुलिस उप-आयुक्त परिमंडल 2 भिवंडी,व सहायक पुलिस आयुक्त पश्चिम विभाग और निजामपुर पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत पत्र देकर मामला दर्ज करने की मांग की है, शिकायत पत्र के अनुसार भिवंडी कामतघर शिवाजी नगर मकान नंबर 281/2/8/जी/1, 282/2/8/जी/2, 283/2/8/जी/3, 284/2/8/जी/4, 285/2/8/जी/5, 286/2/8/जी/6अ, जमीन के मालिक महानंदा जमनाजी जल्लेवार, सुनीता मुकेश जल्लेवार और डेवलपर की मिलीभगत से ग्राउंड फ्लोर प्लस एक मंजिल की अनधिकृत इमारत का निर्माण किया है। शिकायतकर्ता ने 09/02/023 को मनपा अयुक्त को पत्र देकर अवैध निर्माण पर एम.आर.टी.पी. के तहत मामला दर्जकर तोड़ने की मांग किया था। लेकिन प्रभाग अधिकारी ने आनन फानन में एम आर टी पी के तहत भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में 17/03/23 को दर्ज किया लेकिन आगे किसी प्रकार की कार्यवाही अवैध निर्माणकर्ता पर नही की गई, शिकायत कर्ता श्याम वासलवार के बार बार शिकायत के बाद भी संबंधित अधिकारी अवैध निर्माणकर्ता को संरक्षंण देते रहे, शिकायतकर्ता ने बताया कि 09/02/2023 से मैने लगातार मनपा के संबंधित अधिकारीयों से शिकायत कर रहा हूं प्रन्तु किसी भी प्रकार की सुनवाई करने के बजाय संरक्षण देने में लगे है, शिकायतकर्ता ने पुलिस उप-आयुक्त परिमंडल 2 भिवंडी व पुलिस सहायक अयुक्त पश्चिम विभाग भिवंडी तथा निजामपुर पुलिस स्टेशन को दिए गए पत्र के अनुसार निरीक्षण के अन्त में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही किया जाना अनिवार्य है। लेकिन इस बीच मनपा ने कोई कार्यवाही नहीं की है, और संबंधित अधिकारीयों ने अपने कार्य को ताक पर रखकर पद का दुरूपयोग करते रहे, इस लिए चारो वरिष्ट अधिकारियों पर भा.द.वि.स. कलम 166, 166अ व अन्य कलम के तहत मामला दर्ज करने की मांग की है। इस शिकायत को लेकर भिवंडी नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है और नागरिक इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि पुलिस इस पर क्या कार्यवाही करती हैं.




## 150 से अधिक ब्लड बैंकों पर 13 लाख रुपये का जुमार्ना



**मुंबई :** राज्य रक्त आधान परिषद (एसबीटीसी) और केंद्र सरकार की राष्ट्रीय रक्त आधान परिषद (एनबीटीसी) की वेबसाइटों पर कितने रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, कितना रक्त एकत्र किया गया आदि का विवरण भरना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि, इस दायित्व का पालन नहीं करने पर १५० से अधिक ब्लड बैंकों पर १३ लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। मुंबई महानगरपालिका के अधिकार क्षेत्र में आने वाले वूष्ठपर अस्पताल के ब्लड सेंटर पर सबसे ज्यादा जुमार्ना लगाया गया है। इस जुमार्ने की रकम ७० हजार से ज्यादा है। यह केंद्र एक समर्पित बहुउद्देश्यीय धर्मार्थ विकास संस्थान द्वारा चलाया जाता है। चूंकि दिवाली के कारण पिछले सप्ताह कई लोग छुट्टी पर थे, इसलिए रक्तदान करनेवालों की काफी कमी हो गई थी।

## डीएनए टेस्ट से पता चलेगा बच्चे के मां-बाप का पता... मुंबई के इस अस्पताल पर लगे हैं बच्चा अदला-बदली के आरोप

**मुंबई:** वाडिया अस्पताल पर एक दंपती ने बच्चे की अदला-बदली का आरोप लगाया है। इस मामले में अब पुलिस बच्चे और दपंती का डीएनए जांच करेगी। पुलिस के अनुसार, प्राइवेट लैब की रिपोर्ट में मां और बच्चे का डीएनए टेस्ट हुआ था, जो एक-दूसरे से मैच नहीं हुआ, जबकि पिता और बच्चे का डीएनए टेस्ट अब तक नहीं किया गया है। ऐसे में पुलिस अब मां-पिता और बच्चे तीनों का डीएनए टेस्ट कराएगी। डीएनए रिपोर्ट के बाद ही बच्चे के असली मां-बाप का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने इस गंभीर मामले में किसी को अरेस्ट नहीं किया है।

**दो बार कराया गया टेस्ट**

भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन के सूत्रों ने बताया कि दो बार बच्चे और महिला का डीएनए मैच नहीं हुआ। हालांकि पिता का डीएनए टेस्ट नहीं हुआ है। यह बच्चा दंपती को




आईवीएफ के जरिए हुआ है। इसलिए हम अब दंपती और बच्चे तीनों का सैंपल डीएनए जांच के लिए कालीना स्थित फॉरेंसिक लैब में भेजेंगे। इसके अलावा, उस दिन मौजूद संबंधित डॉक्टर, नर्स और अन्य स्टाफ का भी बयान दर्ज किया जाएगा।

**महिला ने लगाया यह आरोप**

शिकायतकर्ता का कहना है कि उसे 2 घंटे बाद बच्चे को दिखाया गया, जबकि अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को बताया कि बच्चे का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। इसलिए उसे तत्काल आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। पुलिस अब अस्पताल के सीसीटीवी को भी खंगालेगी।

**डॉक्टर और नर्स के खिलाफ एफआईआर**

दरअसल 14 नवंबर को दंपती ने पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है। भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन ने दंपती की शिकायत के बाद अस्पताल के डॉक्टर और नर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

**अहम प्वाइंट**

1. -प्राइवेट लैब की रिपोर्ट में मैच नहीं हुआ मां और बच्चे का डीएनए
2. -आईवीएफ के जरिए पैदा हुआ बच्चा
3. -दंपती का आरोप- अस्पताल में 2 घंटे बाद बच्चे को दिखाया गया
4. -डॉक्टर और नर्स के खिलाफ एफआईआर हुई है दर्ज

## असम में अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़, मणिपुर के पांच ड्रग तस्कर गिरफ्तार... 2.5 करोड़ की हेरोइन बरामद

**गुवाहाटी :** गुवाहाटी पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो महिलाओं सहित पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से लगभग 2.5 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अधिकारी के हवाले से बताया कि इस मामले में एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है, जो मुख्य आरोपी है। वह तस्करों को ड्रग पहुंचाता था।

**दो महिलाओं समेत पांच लोग गिरफ्तार**

गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त दिगंता बराह ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार रात शहर के अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की गई थी। इस दौरान उन्होंने दो महिलाओं समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक अन्य मामले में गुवाहाटी पुलिस ने पश्चिम जिले से एक व्यक्ति को गिरफ्तार




किया है। उसकी गिरफ्तारी उस समय की गई, जब वह मणिपुर की रहने वाली दो महिला ड्रग तस्करों से हेरोइन के पैकेट खरीदने आया था।

**एक होटल से दो महिलाओं को पकड़ा**

पुलिस आयुक्त दिगंता बराह ने कहा कि आरोपी की मदद से पुलिस ने लालमाटी के एक होटल से महिलाओं को पकड़ा और तलाशी के दौरान उनके पास से हेरोइन वाले साबुन के 20 पैकेट और 22,400 रुपये नकद बरामद किए। दोनों महिलाओं से पूछताछ के बाद पुलिस ने एक अन्य होटल में छापा मारा और एक कमरे से 1,50,000 रुपये नकद बरामद किए।

## न्यायालयों में 51 लाख 79 हजार 423 मामले विचाराधीन



**मुंबई :** मुंबई हाई कोर्ट और महाराष्ट्र के विभिन्न न्यायालयों में ५१ लाख ७९ हजार ४२३ मामले विचाराधीन हैं। इसमें उच्च न्यायालय और जिला सत्र न्यायालय के मामले शामिल हैं। विधि और न्याय मंत्रालय के सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि देशभर की अदालतों में लंबित मामलों का बैकलॉग हर साल बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट से लेकर जिला सत्र न्यायालय तक लंबित मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है। जनवरी २०१८ के आंकड़ों के मुताबिक, देश में २ करोड़ ९८ लाख ४४ हजार ३५८ मामले 'तारीख' का इंतजार कर रहे थे।

## शरद पवार के समर्थकों ने पुणे में नामदेव जाधव के चेहरे पर पोती कालिख...

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकापा) प्रमुख शरद पवार गुट के कार्यकताओं ने मशहूर वक्ता नामदेव जाधव के चेहरे पर कालिख पोत दी। दरअसल, मीडिया से बात करते समय अचानक पवार समर्थकों ने नामदेव जाधव के चेहरे पर कालिख पोत दी। इस समय पुलिस नामदेव जाधव को बचाकर मौके से ले गई। पवार के समर्थकों ने



नामदेव जाधव के चेहरे पर कालिख पोतते हुए पवार के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। जाधव को कालिख पोतने में पवार ग्रुप की महिला कार्यकर्ता भी शामिल थीं। गौरतलब है कि नामदेव जाधव ने शरद पवार का फर्जी जाति प्रमाणपत्र प्रकाशित किया था। साथ ही पवार पर कई गंभीर आरोप भी लगाए गए थे। जिससे नाराज पवार समर्थकों ने ये कदम उठाया।

नामदेव जाधव कई दिनों से पवार के खिलाफ बोल रहे थे। जिसके विरोध में पवार के समर्थकों ने भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट (बीओआरआई) में नामदेव जाधव के कार्यक्रम का विरोध किया। एनसीपी कार्यकताओं ने जाधव को परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी थी। जिसके परिणामस्वरूप भंडारकर इंस्टीट्यूट ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए नामदेव जाधव का कार्यक्रम रद्द कर दिया। हालांकि, नवी पेठ में एनसीपी के कार्यकताओं ने नामदेव जाधव के चेहरे पर कालिख पोत दी।




# जहरीली हवा के बाद अब मुंबईकर महंगे पानी से भी बेहाल!



**मुंबईः** ईडी सरकार के कार्यकाल में पेट्रोल-डीजल, खाद्य पदार्थ सहित अन्य वस्तुओं व सेवाओं की दरों में कमाल की वृद्धि हुई है। इस क्रम में जहरीली हवा के बाद अब मुंबईकर महंगे पानी से भी बेहाल होनेवाले हैं। जानकारी के मुताबिक, जलाशयों से पानी मुंबई के ट्रीटमेंट प्लांट तक लाने, उस पर प्रक्रिया करने, उसके लिए आवश्यक कर्मचारियों, बिजली, बुनियादी लागत और राज्य सरकार के भातसा जलाशय से पानी लाने के लिए लगने वाली लागत में ४४.६४ प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके कारण मुंबई मनपा ने मुंबईकरों के लिए पानी की दरें आठ प्रतिशत बढ़ाने का पैष्ठसला किया है। मनपा आयुक्त ने जल अभियंता विभाग द्वारा भेजे गए दर वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और यह दर वृद्धि १६ जून, २०२३ से पूर्वव्यापी प्रभाव से मुंबईकरों से वसूली जाएगी।

मुंबईकरों की प्यास बुझाने के लिए मोडक सागर, भातसा, तानसा, मध्य वैतरणा, अपर वैतरणा, विहार और तुलसी सात जलाशयों से प्रतिदिन ३,९५० मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है। हालांकि, विहार और तुलसी मुंबई में कम जल भंडारण क्षमतावाले दो छोटे जलाशय हैं और बाकी जलाशय मुंबई से बाहर हैं। इसलिए सैकड़ों किलोमीटर दूर से मुंबई तक पानी पहुंचाने में काफी खर्च आता है। मुंबई मनपा ने साल २०१२ में जल कर में हर साल अधिकतम आठ प्रतिशत तक बढ़ाने का पैष्ठसला किया है। स्थायी समिति ने इस संबंध में प्रशासन को अधिकार दे दिया है।

इसके मुताबिक, मनपा प्रशासन हर साल जल कर में बढ़ोतरी करता है लेकिन कोरोना के कारण मनपा ने पिछले दो साल २०२०-२१ और २०२१-२२ में जल कर, संपत्ति कर और अन्य करों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। मनपा के अकाउंट विभाग ने जल अभियंता विभाग को पानी पर हो रहे खर्च की विस्तृत रिपोर्ट दी है।

# मुंबई में कचरे से पैदा होगी 100 मेगावॉट बिजली, बीएमसी बना रही खास योजना

## पीएमओ के आदेश के बाद बीएमसी बना रही योजना...

**मुंबईः** महानगर में कचरे की बढ़ती समस्या और डंपिंग ग्राउंड की वजह से आसपास के क्षेत्रों में फैलती दुर्गंध से आने वाले समय में मुंबईकरों को छुटकारा मिल सकता है। केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य सरकार की मदद से बीएमसी मुंबई में कचरे से 100 मेगावॉट बिजली उत्पादन की योजना बना रही है। बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुंबई में प्रतिदिन लगभग 7 हजार मीट्रिक टन कचरा पैदा होता है, जो देवनार और कांजुरमार्ग डंपिंग ग्राउंड में फेंका जाता है। उस कचरे से करीब 100 मेगावॉट बिजली का उत्पादन किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ विडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई बैठक में मुंबई में कचरे की समस्या से निपटने के लिए उससे बिजली उत्पादन करने पर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि देवनार और



कांजुरमार्ग में फेंके जाने वाले कचरे का वेस्ट कैरेक्टराइजेशन टेस्ट किया जा रहा है। इससे पता चलेगा कि कितना कचरा बिजली उत्पादन के योग्य है। इसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इसके लिए एक समिति के गठन का प्रस्ताव है, जिसमें भारत सरकार के सेक्रेटरी, राज्य के प्रिंसिपल सेक्रेटरी, बीएमसी कमिश्नर और बीएमसी के अडिशनल कमिश्नर शामिल होंगे। यह कमिटी मुंबई में मुलुंड, कांजुरमार्ग और देवनार में स्थित डंपिंग ग्राऊंड से हजारों टन कचरे को वैज्ञानिक तरीके से आधुनिक तकनीक के जरिए कैसे निपटाया जाए, इस पर रिपोर्ट तैयार करेगी। इसी के तहत कचरे से बिजली उत्पादन बढ़ाने का विकल्प भी शामिल है।

### 2026 तक शुरू होगा बिजली उत्पादन

बीएमसी अधिकारी के अनुसार देवनार डंपिंग ग्राउंड में इस प्लांट से पहले चरण में 600 मीट्रिक टन कचरे से बिजली का उत्पादन होगा। इससे प्रतिदिन 6 मेगावाट बिजली मिलेगी। बीएमसी को उम्मीद है कि वर्ष 2025-26 तक इस प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा।

### देश में कचरे से बिजली उत्पादन

देश के कई शहरों में कचरे से बिजली उत्पादन के प्लांट लगाए गए हैं। कुछ प्लांट में बिजली पैदा भी हो रही है, जबकि कुछ प्रोसेस में हैं। राजस्थान के जोधपुर में करीब 8 साल पहले कचरे से बिजली उत्पादन शुरू हुआ। इसी तरह कर्नाटक के बेंगलुरु में वर्ष 2021 में कचरे से बिजली उत्पादन का प्लांट शुरू हुआ। 1 अगस्त, 2023 को पीएम नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के पिंपरी-चिंचवड में 700 मीट्रिक टन कचरे से 14 मेगावॉट बिजली उत्पादन प्लांट का उद्घाटन किया था। एक अनुमान के मुताबिक देश में हर साल 6.5 करोड़ टन कचरे का उत्पादन होता है। इसका उपयोग कर सालों 65000 मेगावॉट बिजली पैदा की जा सकती है। मनपा क्षेत्र में 75-80 प्रतिशत कचरा एकत्र होता है, जिसमें 22-28 प्रतिशत कचरे का ही प्रोसेस होता है। एक किलो वॉट बिजली उत्पादन के लिए एक टन कचरा पर्याप्त माना गया है।

# ओडिशा में कार पहुंचाने के नाम पर सीए से चार लोगों ने 37,964 रुपये ठगे




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर के 46 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) से चार लोगों ने कथित तौर पर 37,964 रुपये की धोखाधड़ी की है। आरोपियों ने खुद को सामान पहुंचाने वाली एक कंपनी से जुड़े होने का दावा किया था और उसे अपनी कार को ओडिशा ले जाने में मदद की पेशकश की थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पीड़ित ने पुलिस में दी अपनी शिकायत में कहा कि उसने 2011 में एक कार खरीदी थी, लेकिन इसका यहां ज्यादा उपयोग नहीं कर रहा था इसलिए वह कार को ओडिशा स्थित अपने गृहनगर भेजना चाहता था। कसारवाडावली थाने के एक अधिकारी ने कहा कि उसने वाहनों का परिवहन करने वाली 'लॉजिस्टिक कंपनियों' की ऑनलाइन खोज की।

# मनोज जरांगे ने सांसद उदयनराजे और विधायक शिवेंद्र राजे भोसले से की मुलाकात

## आरक्षण पर दिया बड़ा बयान...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण पर राजनीति गरमा गई है. आज मनोज जारांगे ने छत्रपति उदयनराज से उनके निवास जलमंदिर पैलेस सतारा (सातारा न्यूज) में मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया. इसी तरह मराठा आरक्षण पर सांसद उदयनराजे भोसले ने बड़ा बयान दिया है. उदयनराज ने आरक्षण को लेकर सतर्क रुख अपनाते हुए कहा है कि आरक्षण योग्यता के आधार पर दिया जाना चाहिए और किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए.

### किस-किस से मिले मनोज जरांगे?

मराठा आरक्षण के लिए दौरे पर निकले मनोज जरांगे पाटिल ने सतारा में सांसद उदयनराजे भोसले और विधायक शिवेंद्र राजे भोसले से मुलाकात की. दोनों ने उनका स्वागत किया. आज शनिवार को सतारा के



गांधी मैदान में मराठा आरक्षण के लिए मनोज जरांगे पाटिल ने बैठक की. इस मौके पर सतारकर ने उनका भव्य स्वागत किया. इस बैठक में सांसद उदयनराजे भोसले और विधायक शिवेंद्र राजे भोसले मौजूद नहीं थे. लेकिन उनके कार्यकर्ता शामिल थे. बैठक के बाद जारंगे पाटिल ने उदयनराजे और शिवेंद्र राजे से मुलाकात की.

आरक्षण मुद्दे पर अपना पक्ष रखते हुए उदयनराजे ने कहा, ''शिवाजी महाराज ने अपने शासनकाल में किसी के साथ कोई अन्याय नहीं किया. आज कोई व्यक्ति जो कर रहा है वह क्यों कर रहा है? क्योंकि उसके साथ अन्याय हुआ है. मैं किसी भी जाति का समर्थन नहीं करता हूं. लेकिन आज मरने को तैयार हैं मनोज जारांगे. इसलिए जातिवार जनगणना होनी चाहिए और फिर सभी को आरक्षण दिया जाना चाहिए. मैं मराठा समुदाय के तौर पर नहीं बोल रहा हूं, लेकिन आज हर किसी की मानसिकता है कि योग्यता के आधार पर आरक्षण दिया जाना चाहिए. आज जब एक बच्चा स्कूल, कॉलेज जाता है, आरक्षण का विषय आता है. उदयनराज ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा, ह्लजाति में दरार किसने पैदा की? पता लगाएं. मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता. जो हुआ वह गलत था'' विधायक शिवेंद्र राजे भोसले ने बुजुर्गों से अपील की कि वे ऐसा रुख न अपनाएं जिससे समाज में दरार पैदा हो.

# मुख्यमंत्री शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोपी व्यक्ति पर मामला दर्ज...



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ फेसबुक पर कथित तौर पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को बताया कि 56 वर्षीय महिला शिकायतकर्ता के अनुसार जिस फेसबुक अकाउंट पर अश्लील पोस्ट किया गया है वह शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ता के नाम पर है। यूबीटी का आशय उद्धव बालासाहेब ठाकरे से है। शिकायतकर्ता यहां अंधेरी विधानसभा क्षेत्र के लिए शिंदे नीत शिवसेना की समन्वयक हैं। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता को ऑनलाइन खबर पढ़ने के दौरान ये पोस्ट मिला, पोस्ट का मकसद महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि महिला द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 509 (शब्द, इशारा या कृत्य से एक महिला की गरिमा का अपमान करने का इरादा), 153-ए (1) (दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीन दिन में शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकताओं के खिलाफ दर्ज किया गया यह दूसरा मामला है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com